Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005

Participants : Masood Shri Rasheed

>

Title : Regarding need for construction of a bypass at Saharanpur, Uttar Pradesh.

श्री रशीद मसूद (सहारनपुर) : महोदय, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश का आखिरी जिला है जिसकी सीमाएं हरियाणा, हिमाचल एवं उत्तरांचल से मिली हुई हैं इसलिए इन राज्यों से आने वाला यातायात सहारनपुर से होकर गुजरता है जिसकी वजह से शहर में अव्यवस्था होती है। इन राज्यों का खानपान एवं दूसरा सामान ले जाने अथवा इन राज्यों का उत्पादन दूसरे राज्यों में ले जाते समय बहुत कठिनाई, समय की खपत, असुविधा और ईंधन की खपत भी ज्यादा होती है। इस समस्या के निवारण के लिए अतिशीघ्र एक बाईपास दिल्ली यमुनोत्री रोड को हाइवे नं0 74 सहारनपुर अम्बाला रोड को जोड़ते हुए बनवाया जाए, जिससे यह बाईपास उत्तरांचल जाने वाली सड़क को भी जोड़ने की सुविधा प्रदान कर सके। इस बाईपास के बनने से न केवल पेट्रोल एवं डीजल की बचत होगी बल्कि इन राज्यों की पूर्ति की सुविधा सुगम हो सकेगी।